Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding extensionof train return from Ahamdabad to Rajkot.

श्री मोहनभाई कुंडारिया (**राजकोट**): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अहमदाबाद दरभंगा साबरमती एक्सप्रेस, अहमदाबाद वाराणसी एक्सप्रेस और अहमदबाद-पटना एक्सप्रेस के टाइम टेबल की ओर आकर्षित करना चाहता हूं ।

महोदय, सभी ट्रेन्स वापस अहमदाबाद पहुंच कर रेलवे यार्ड में लगभग 22 घंटे तक खड़ी रहती हैं । उक्त सभी ट्रेनों के लिए अहमदाबाद से राजकोट तक आसानी से टर्न-अराउंड के लिए पर्याप्त समय है । इन ट्रेनों का राजकोट तक विस्तार किया जाए, तो इसे राजकोट के लिए अतिरिक्त ट्रेनों के रूप में माना जा सकता है और यह रेलवे के लिए राजस्व का अतिरिक्त स्रोत भी होगा ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि उक्त ट्रेनों को राजकोट तक विस्तारित किया जाए । धन्यवाद ।